कार्यालय जिलाधिकारी, देवरिया

संख्या 42 /टी0ए0सी0/एल0बी0सी0–2016 दिनांक 04 अगस्त, 2016

प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–2021/9–1–16–185–सा/10टी.सी. दिनांक 04.07.2016 के कम में शासनादेश संख्या–1081/9–1–14–466 सा/2013 दिनांक 31.07.2014 तथा निर्धारित संविदा धनराशि (संबंधित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय मंहगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य कराये जाने के आधार पर नियुक्ति आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । इच्छुक अभ्यर्थी निम्न शर्तों के अधीन अपना आवेदन पत्र **दिनांक 17.08.2016 की सायंकाल 5.00 बजे** तक जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं । निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

निकायवार पदों का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	निकाय का नाम	भर्ती योग्य कुल रिक्त पद	श्रेणीवार रिक्तियों की संख्या			
			अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0 जा0	अनु0 ज0जा0
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	नगर पालिका परिशद देवरिया	109	55	29	23	02
2	नगर पालिका परिशद गौरा बरहज	60	30	16	13	01
3	नगर पंचायत, रामपुर कारखाना	12	06	03	03	–
4	नगर पंचायत, गौरी बाजार	08	04	02	02	–
5	नगर पंचायत, रूद्रपुर	78	39	21	16	02
6	नगर पंचायत, भटनी बाजार	08	04	02	02	–
7	नगर पंचायत, मझौलीराज	44	22	12	09	01
8	नगर पंचायत, सलेमपुर	09	05	02	02	–
9	नगर पंचायत, लार	31	15	08	07	01
10	नगर पंचायत, भाटपाररानी	07	04	02	01	–
	योगः–	**366**	**184**	**97**	**78**	**07**

अभ्यर्थियों के महत्वपूर्ण शर्ते/निर्देशः–

1. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त समय–समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी ।
2. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर तथा उस पर स्व–प्रमाणित पासपोर्ट साइज का दो फोटोग्राफ लगाकर देना होगा । साथ ही एक लिफाफा रजिस्ट्री हेतु निर्धारित डाक टिकट सहित जिस पर अभ्यर्थी का नाम व पता लिखा होगा, दिया जाना अनिवार्य होगा ।
3. निकाय में पहले से संविदा वेतन पर नियुक्त अथवा ठेकेदारों के माध्यम से संविदा पर कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुवल स्कैवेन्जरों को भी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर भर्ती/नियुक्ति प्रकिया में वरीयता दी जायेगी ।
4. संविदा सफाई पर रखे गये सफाई कार्मिकों की सेवायें संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी संविदा सेवाये समाप्त की जा सकेंगी ।
5. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग(अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिऐ आरक्षण) अधिनियम 1994 (यथा संशोधित)का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।
6. अभ्यर्थियों का चयन, साक्षात्कार एवं सफाई कार्य के व्यवहारिक ज्ञान पर प्राप्त प्राप्तांकों के कम में किया जायेगा ।
7. किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता न होने की दशा में आवेदन के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र पत्र के अनुसार जन्म तिथि अंकित की जाएगी ।
8. अभ्यर्थियों को सफाई के व्यवहारिक ज्ञान की अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा । साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर ही शासन को संस्तुति प्रेशित की जायेगी ।
9. आवेदन सबंधी समस्त सूचनाऍ तथा आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सूचना विज्ञान केन्द्र देवरिया की वेबसाइट www.deoria.nic.in पर उपलब्ध है । इस वेबसाइट से आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं ।
10. संविदा पर तैनाती हेतु उपयुक्त पाये जाने वाले कार्मिकों को सम्बन्धित नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों की सभी शर्तो को पूर्णतया पालन करना होगा ।

जिलाधिकारी,
देवरिया।

सफाई कार्मिकों की संविदा पर भर्ती/नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप

निकाय का नाम जहॉ के लिए आवेदन किया जा रहा है :–...

पासपोर्ट साईज का प्रमाणित फोटो चिपकाये

1– आवेदक का पूरा नाम–
(क) हिन्दी में – ....
(ख) अंग्रेजी में –..
(ग) मोबाइल नं0–...
2– पिता/पति का नाम– ....
3– जन्म तिथि (अंको में)–...
(शब्दों में)–..
दिनांक–01–07–2016 को आवेदक की आयु ....वर्ष ....माह ....दिन ....
4– स्थायी पता –...
5– पत्र व्यवहार का पता– ....
6– राष्ट्रीयता– ....
7– (अ) जाति (ब) उपजाति–
(ख) अनु0जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य ....
8– विवाहित/अविवाहित/तलाक ुदा
9– शैक्षिक योग्यता...

उत्तीर्ण परीक्षा का विवरण–

क्रमांक	परीक्षा का नाम	बोर्ड/संस्था का नाम	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6

10– संविदा पर सफाई कर्मी के रूप में कार्य करने का अनुभव (यदि कोई हो) :– ....
....
11– नगरीय क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुअल स्कैवेन्जर होने का विवरण – ....
....

घोषणा

मैं एतदद्वारा घोशणा करता/करती हूॅ कि मैने आवेदन पत्र के पात्रता हेतु सभी शर्तों/निर्देशों की जानकारी प्राप्त कर ली है, जो मुझे मान्य है। आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये समस्त विवरण/सूचनायें सत्य हैं। कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है, यदि कोई सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाए तथा नियुक्ति के पश्चात उपरोक्त में से कोई सूचना असत्य पाये जाने की दशा में मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायें।

संलग्नको की संख्या
स्थान ....
दिनांक ....

आवेदक के हस्ताक्षर